मेरी सरकार नागरिकों के जीवन और उनकी सम्पत्ति की सुरक्षा के लिये कृत संकल्प है। अपराधियों एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है तथा बड़ी संख्या में अवैध अस्त्र बरामद किये गये हैं। प्रदेश के कुछ स्थानों पर हिंसा और तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हुई, लेकिन प्रशासन ने उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय देकर स्थिति को नियंत्रण में रखा। सरकार द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के विशेष उपाय किये जा रहे हैं। लम्बे समय के बाद प्रदेश की जनता ने शान्तिपूर्ण और सौहार्द के वातावरण में सभी त्योहार मनाये। इसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं। समाज में राष्ट्रीय एकता एवं साम्प्रदायिक सद्भावना कायम रखने के प्रति भी मेरी सरकार पूरी तरह जागरूक है। प्रदेश में उच्च स्तरीय व सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था द्वारा आई0एस0आई0 अथवा उसके समर्थित तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिणामस्वरूप प्रदेश में इससे सम्बन्धित कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है। विभिन्न आतंकवादी संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से भारी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र आदि बरामद किये गये हैं।

कानून-व्यवस्था लागू करने के लिए उठाये गये प्रभावी कदमों के फलस्वरूप डकैती, बलवा, गृह-भेदन, अनुसूचित जाति-जनजाति उत्पीड़न, बलात्कार, आगजनी एवं महिला उत्पीड़न के अपराधों में भारी कमी आयी है। विगत वर्ष की तुलना में अपराध की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। अपराधियों के विरुद्ध एन0एस0ए0, गैंगस्टर ऐक्ट के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की गयी है। अपराधियों के विरुद्ध की गयी वैधानिक कार्यवाहियों के अन्तर्गत 229 कुख्यात अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये तथा 1,42,421 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये।

मेरी सरकार द्वारा केन्द्रीय कारागार, आदर्श कारागार, मण्डलीय जिला कारागार, उप कारागार, किशोर सदन, नारी निकेतन आदि में निरुद्ध बन्दियों की समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने और

उन्हें राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु बन्दियों के सुधार एवं पुनर्वासन की दिशा में विविध **बहुआयामी** एवं बहुउद्देशीय कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

मेरी सरकार का यह निश्चित मत है कि प्रदेश में न्यायिक व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए तथा ग्रामीण अंचलों में रहने वाले निर्बल व्यक्तियों को त्वरित और सस्ता न्याय प्राप्त होना चाहिए। इसी उद्देश्य से वर्तमान में प्रचलित और प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित 400 से अधिक अधिनियमों को प्रभावी बनाने, उनमें उपयुक्त संशोधन करने तथा त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार को सलाह देने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग अध्यादेश पारित किया गया है और इसके अध्यक्ष के रूप में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को नियुक्त किया गया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। देश में यह पहला विधायन है जिसके द्वारा अधिनियम के माध्यम से विधि आयोग का गठन किया गया है।

अधिवक्ताओं और वादकारियों के लिये न्यायालयों में बैठने का समुचित स्थान सुनिश्चित करने और उनकी कठिनाइयों का निराकरण करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के चैम्बर निर्माण, टिन शेड्स के निर्माण तथा अधिवक्ता संघों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिये धनराशि उपलब्ध कराई गयी है।

मेरी सरकार मानती है कि बच्चों की प्राथमिक शिक्षा आने वाली पीढ़ी के भविष्य की आधारशिला है और उनके भविष्य को संवारने, सुधारने में प्राथमिक शिक्षकों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। इसी उद्देश्य से शिक्षकों की अधिवर्षता आयु बढ़ाई गयी है। सर्वशिक्षा अभियान प्रदेश के सभी 70 जनपदों में संचालित किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों के लिये 40,000 शिक्षकों और 54,000 शिक्षा मित्रों की व्यवस्था की गयी है। सभी जनपदों में मध्यान्ह भोजन योजना संचालित की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण अंचलों में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु विविध महत्वाकांक्षी योजनायें प्रस्तावित हैं। राज्य सरकार द्वारा 'कन्या विद्याधन योजना' प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं को इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 20 हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों की कमी दूर करने की व्यवस्था की जा रही है और 5,000 रुपये प्रतिमाह की दर से विषय विशेषज्ञों को मानदेय के आधार पर नियुक्त किया जा रहा है। विभिन्न विषयों के 2,323 विषय विशेषज्ञ नियुक्त किये जा चुके हैं।

प्रदेश में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों तथा सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में 03 जून, 1995 के स्तर पर प्रभावी शिक्षण शुल्क लिये जाने का निर्णय लिया गया है। राजकीय महाविद्यालयों एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं को सत्र, 2004-2005 से शिक्षण शुल्क से छूट प्रदान कर दी गयी है। विश्वविद्यालयों व उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों में प्रजातांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिये छात्र संघों का गठन करने तथा नियमित रूप से चुनाव कराये जाने के लिये विधान निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। प्रदेश में उच्च स्तर की कुशल प्रशिक्षित तकनीकी जनशक्ति की आपूर्ति के लिये मेरी सरकार निरन्तर प्रयासरत है। मेरी सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में अभियंत्रण/प्रबन्धन संस्थाओं की स्थापना के साथ ही डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं की स्थापना को भी

प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिये मेरी सरकार ने समस्त अभियंत्रण/प्रबन्धन संस्थाओं एवं डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में प्रवेश हेतु उनके लिये 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य किया है।

इस प्रदेश की लगभग 80 प्रतिशत जनता ग्रामीण अंचलों में निवास करती है, जिसकी आय का मुख्य स्रोत कृषि है। कृषि इस प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है। कृषि उत्पादन विकास दर में 5.1 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि बनाये रखने के उद्देश्य से वर्ष 2005-2006 में मेरी सरकार द्वारा 527.50 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन तथा 17.70 लाख मीट्रिक टन तिलहन के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसे प्राप्त करने के लिये मेरी सरकार कृषि ऋण की उपलब्धता में वृद्धि, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, उन्नतशील कृषि यन्त्रों के वितरण, कृषि तकनीक के प्रचार-प्रसार एवं सूचना प्रौद्योगिकी को विकसित करने की एक महत्वपूर्ण रणनीति बना रही है। किसानों को दैनिक बाजार मूल्यों की सूचनायें देने हेतु मेरी सरकार द्वारा अब तक 48 मंडियों में कम्प्यूटराइज्ड विपणन सूचना तंत्र की व्यवस्था की गयी है और वर्ष 2004-2005 में 102 अतिरिक्त मंडियों में भी यह व्यवस्था लागू हो जाने का अनुमान है।

प्रदेश में कृषि योग्य भूमि में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेश के 17 ऊसर बाहुल्य जनपदों में विश्व बैंक की सहायता से ऊसर सुधार कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत लगभग 22 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त ऊसर भूमि का सुधार किया जायेगा।

कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये समय पर पर्याप्त सिंचाई की व्यवस्था जरूरी है। वर्ष 2004-2005 में 28,772 किलोमीटर नहरों की सफाई के लक्ष्य के सापेक्ष 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया गया है। पहली बार पायलट बेसिस पर जल उपभोक्ता समितियों को माइनरों की सफाई का दायित्व सौंपा गया है, जिसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। प्रदेश में वर्ष 1999 से नये राजकीय नलकूप नहीं लगाये जा रहे थे, लेकिन इस वर्ष से 1,000 नये नलकूपों के निर्माण की योजना शुरू की गयी, जिससे 0.50 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा। विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे काम से 10वीं पंचवर्षीय योजना में 10 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा तथा लगभग 3.50 लाख हेक्टेयर में सिंचन क्षमता की पुनर्स्थापना होगी।

प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से फसली ऋणों, उर्वरक, उन्नतशील बीज, कीटनाशक दवायें उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जा रही है। भूमि की सिंचन क्षमता में वृद्धि करके अतिरिक्त आय के स्रोत उपलब्ध कराने तथा बेरोजगार युवकों को उद्यम स्थापित करने हेतु दीर्घकालीन ऋण देने की व्यवस्था भी की जा रही है। इसी के साथ में मूल्य समर्थन योजना भी लागू की जा रही है। मेरी सरकार द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा और उनकी मृत्यु दर में कमी लाने हेतु व्यापक एवं सघन रोग नियंत्रण एवं पशु स्वास्थ्य रक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। सीमित कृषि योग्य भूमि के कारण ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में बढ़ती हुई जनसंख्या की आय का एक अतिरिक्त साधन दुग्ध व्यवसाय भी है। इस क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा दुग्धशाला विकास कार्यक्रम व अम्बेडकर डेरी डेवलपमेंट परियोजना जैसे रोजगारपूरक प्रयासों के साथ ही सहकारी क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों को अधिकतम दुग्ध उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करने के लिये स्मृति चिन्ह और पुरस्कार दिये जाने की योजना चलाई जा रही है।

उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा भाग गन्ने की खेती पर निर्भर करता है। मेरी सरकार गन्ना किसानों और चीनी उद्योग के बीच एक न्यायोचित सम्बन्ध स्थापित करके दोनों के हितों की रक्षा के लिये कटिबद्ध है। पेराई सत्र 2004-2005 में 13 जनवरी, 2005 तक लगभग 80 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है।

किसानों की खुशहाली में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेश में पूंजी निवेश आमंत्रित करने के लिये मेरी सरकार ने 'नई चीनी उद्योग प्रोत्साहन नीति-2004' की घोषणा की है, जिसके फलस्वरूप निजी उद्यमी चीनी उद्योग लगाने को तत्पर हो रहे हैं। साथ ही इस नई नीति का उद्देश्य गन्ना किसानों को उनके गन्ना मूल्य का समय से भुगतान सुनिश्चित कराना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना भी है। प्रदेश में चार नई चीनी मिलें निर्माणाधीन हैं। राज्य चीनी निगम की रामपुर व सहकारी क्षेत्र की धुरियापार मिलों को मरम्मत करके चलाने के निर्देश दिये गये हैं। मेरठ की किनौनी चीनी मिल ने इस वर्ष पहली बार पेराई की है। मुझे विश्वास है कि मेरी सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश विश्व पटल पर चीनी उद्योग के अति विशिष्ट क्षेत्र के रूप में शीघ्र ही उभरेगा।

मेरी सरकार इस बात के लिये प्रयत्नशील है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की आय में वृद्धि की जाये। इसी परिप्रेक्ष्य में स्वर्ण जयन्ती ग्राम्य स्वरोजगार योजना कार्यान्वित की जा रही है और इसके लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम्य बस्तियों को सर्वऋतु (आल सीजन) मार्गों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना विचाराधीन है। श्रमपरक रोजगार योजना का लाभ भी ग्रामीण श्रमिकों को उपलब्ध कराया जायेगा। ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता प्रभावित बस्तियों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करायी जा रही है।

राज्य सरकार संविधान के 73वें संशोधन के प्राविधानों के अनुसार 11वीं सूची में उल्लिखित कार्यों को त्रिस्तरीय पंचायती राज्य संस्थाओं को हस्तांतरित करने के लिये कटिबद्ध है। मेरी सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत के प्रमुखों को क्रमशः 500 रुपये व 1,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय उपलब्ध कराया गया है। साथ ही अशुद्ध पेयजल तथा मानव मल के अनुचित ढंग से निस्तारण के कारण पैदा होने वाली बीमारियों व समस्याओं को नियंत्रित करने हेतु 70 जनपदों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में किसनों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु ग्रामीण किसान बाजारों तथा पशु बाजारों की व्यवस्था भी करवा रही है।

प्रदेश की जनता को अच्छी गुणवत्ता का खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुयें पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर सुलभ कराने हेतु मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूं और चावल की खरीद की जा रही है। गरीबी की रेखा के ऊपर और गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को राशन कार्ड के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

मेरी सरकार का दृढ़ मत है कि प्रदेश से हर स्तर पर विषमताओं को मिटाना जरूरी है। अनुसूचित जाति के गरीब एवं बेरोजगार व्यक्तियों के लिए कृषि, पशुपालन, यातायात आदि क्षेत्रों की योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और इस वित्तीय वर्ष में लगभग 60 हजार व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। स्वच्छकार एवं उनके आश्रितों तथा अनुसूचित जाति के शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों के कल्याण हेतु योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। राज्य सरकार

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए मेरी सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। इस वित्तीय वर्ष में लगभग 9,700 पूर्व सैनिकों को सेवायोजित कराया गया है।

पिछड़े वर्ग के बच्चों को शैक्षिक रूप से समृद्ध करने के उद्देश्य से छात्रवृत्ति उपलब्ध कराये जाने और छात्रावास निर्माण योजना के अन्तर्गत छात्रावास स्थापित करने की दिशा में मेरी सरकार पूरी गम्भीरता से काम कर रही है। रिक्शा चालकों को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें रिक्शों का स्वामी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

मेरी सरकार साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखना प्रदेश और राष्ट्र की उन्नति के लिये अत्यन्त आवश्यक मानती है। अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिये पिछले वित्तीय वर्ष में दशमोत्तर कक्षाओं में गरीबी की रेखा के नीचे के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये आरक्षित वर्गों की भांति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना संचालित की गयी है। इसके लिए 24.74 करोड़ रुपये की धनराशि जनपदों को आवंटित की जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 291 मदरसों को अनुदान सूची में लिया जा चुका है तथा 67 अरबी-फारसी मदरसों को अनुदान सूची में लिये जाने का निर्णय लिया गया है। माध्यमिक स्तर तक के मदरसों/मकदमों में 4,430 नये शिक्षक नियुक्त किये जाने का लक्ष्य है। सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में राज्य अनुदानित 291 मदरसों में से 29 बालिका (निस्वां) मदरसों में आलिया स्तर की बालिकाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा देने के उद्देश्य से कम्प्यूटर उपलब्ध कराये गये हैं।

मेरी सरकार महिलाओं को समुचित सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके उत्थान के लिये विशेष प्रयास करने हेतु प्रतिबद्ध है। वृन्दावन में अतिरिक्त महिला आश्रय स्थलों को केन्द्र सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। प्रदेश में समेकित बाल विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं और वर्तमान में 836 परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं।

मेरी सरकार का यह निश्चित मत है कि समाज का यह नैतिक दायित्व है कि विकलांगों को सामान्य नागरिकों की भांति उनके दायित्वों के निर्वहन में सभी प्रकार की सहायता दी जाये। इस उद्देश्य से उनके पुनर्वासन, प्रशिक्षण, शिक्षण आदि के लिये विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे हैं। विकलांग व्यक्तियों के भरण-पोषण हेतु दिनांक 01 अप्रैल, 2005 से विकलांग पेंशन को बढ़ाकर 150 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया है।

मेरी सरकार के अथक प्रयासों से राजस्व की वसूली बढ़ी है। आवास स्थल आवंटन, मत्स्य पालन हेतु ताल-पोखरों के आवंटन, वृक्षारोपण हेतु पट्टों के आवंटन, भू-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण और चकबन्दी कार्य में उचित प्रबन्धन को प्राथमिकता दी जा रही है।

कर राजस्व प्राप्तियों में व्यापार-कर विभाग का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। मेरी सरकार द्वारा पिछले एक वर्ष में व्यापार-कर से प्राप्त होने वाली राजस्व प्राप्तियों को बढ़ाने के साथ-साथ व्यापारियों के हित में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय किये गये हैं। व्यापारियों को सुविधा देने के उद्देश्य से उनके लिये 01 नवम्बर, 2004 से तीन महीने के लिये ब्याज एवं अर्थदण्ड की माफी योजना लागू की गयी है, जो पूर्व में लागू योजनाओं के मुकाबले अधिक व्यापक एवं कल्याणकारी है। इसके अतिरिक्त

मेरी सरकार ने व्यापारियों के हित में और भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं, जिनमें व्यापारियों के लिये पंजीकरण से छूट की सीमा डेढ़ लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये करना तथा उद्यमियों के लिये एक लाख से बढ़ाकर दो लाख रुपये करना शामिल है।

प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र निवेश नीति 2004 घोषित की गयी है। कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये एग्रो पार्क स्थापित किये जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाया जा सके। उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2004 के अन्तर्गत प्रत्येक विभाग को सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिये उनके बजट का 05 प्रतिशत निर्धारित करने, मानव संसाधन एवं विकास के तहत स्कूल एवं कालेजों में सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने, सरकारी सूचना का डिजिटलीकरण करने और हिन्दी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिये स्मार्ट कार्ड योजना का प्राविधान है। साथ ही अग्रगामी प्रगतिशील कदम के रूप में राज्य में 50 करोड़ रुपये या इससे अधिक से निवेश से स्थापित सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक इकाई को जो 'मेगा इन्वेस्टमेंट इकाई' के रूप में परिभाषित है, विभिन्न रियायतें दिये जाने के प्राविधान किये गये हैं। प्रदेश की जैव प्रौद्योगिकी नीति 2004 के अन्तर्गत जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों को छूटें प्रदान की गयी हैं। लखनऊ एवं नोएडा में बायो टेक पार्क स्थापित करने की योजना है। प्रदेश में बुनकरों द्वारा उत्पादित माल की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिये मेरी सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाये जायेंगे।

उत्तर प्रदेश देश का हृदय प्रदेश है और ताज हमारी साझी संस्कृति के गौरव का बेहद महत्वपूर्ण प्रतीक है। ताज महल के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश सरकार द्वारा भव्य आयोजन किये गये हैं। साथ ही विभिन्न महोत्सवों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था भी की जा रही है।

आवागमन के साधन के रूप में निजी क्षेत्रों में परिवहन की सुविधा हेतु बसों के परमिट देने के साथ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम नागरिकों को सस्ती और उपयुक्त सुविधायें उपलब्ध करा रहा है। इस क्रम में राज्य सरकार द्वारा निगम के बस बेड़े में 640 नयी बसों को सम्मिलित किया गया है। प्रदेश में कुशल, बेहतर और पर्याप्त बस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए 1,150 नयी बसें क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

भूमि एवं जल संरक्षण में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश में वनों और वृक्षों से आच्छादित भौगोलिक क्षेत्र कुल क्षेत्रफल का मात्र 8.8 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार इसे 33 प्रतिशत होना चाहिए। मेरी सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ाने के लिये युद्ध स्तर पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है और वन क्षेत्रों के अन्दर तथा बाहर उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षों के रोपण का कार्य किया जा रहा है। कृषकों को भी वृक्षारोपण हेतु उच्च गुणवत्ता की पौध उपलब्ध करायी जा रही है। मेरी सरकार द्वारा वनों में अवैध कटान तथा वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। वन्य जीवों के संरक्षण हेतु भी मेरी सरकार कृत संकल्प है। प्रदेश में एक राष्ट्रीय, दो प्राणि उद्यान तथा 24 वन्य जीव विहार स्थापित हैं, जहां वन्य प्राणियों को पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। वन्य जीवों को संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाते हुये मेरी सरकार जनपद इटावा में प्रदेश के प्रथम 'लायन सफारी' का निर्माण कराने जा रही है। इसके अतिरिक्त लखनऊ प्राणि उद्यान व कानपुर प्राणि उद्यान के आधुनिकीकरण का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है। प्रदेश में पर्यावरण सुधार, पर्यावरणीय

समस्याओं के अध्ययन और निदान हेतु पर्यावरणीय शोध एवं क्रियान्वयन कार्यक्रम तथा जनमानस में पर्यावरण चेतना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पर्यावरणीय, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

ऊर्जा विकास की धुरी है। उपभोक्ताओं को उचित दर से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मेरी सरकार द्वारा वर्ष 2003 में नई ऊर्जा नीति घोषित की गयी थी। विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए अनपरा 'सी' परियोजना को निजी क्षेत्र के सहयोग से स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। बिड़ला व टाटा समूहों द्वारा प्रदेश में एक-एक हजार मेगावाट की परियोजनाएं स्थापित करने में अभिरुचि दिखायी गयी है। 35 हजार ग्रामों को विद्युतीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है तथा शहरी क्षेत्र में ऊर्जा तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से 26 जनपदों के लिये लगभग 824 करोड़ रुपये की लागत की योजनायें स्वीकृत करायी गयी हैं। विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा ऊर्जा क्षेत्र को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से वितरण क्षेत्र के निर्जाकरण हेतु भी कार्यवाही की जा रही है।

पूर्व में माननीय सदन को अवगत कराया गया था कि रिलायंस उद्योग समूह द्वारा प्रदेश में एक वृहद विद्युत परियोजना की स्थापना करने के लिये कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गयी है। इस परियोजना के लिये भूमि के अधिग्रहण की कार्रवाई पूर्ण कर ली गयी है तथा पानी की उपलब्धता हेतु हेड-वर्क आदि के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। अन्य अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये सड़क तथा विद्युत की व्यवस्था कराई जा रही है। अगले दो वर्षों में परियोजना द्वारा विद्युत उत्पादन प्रारम्भ किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में प्रदेश के सभी गांव विद्युतीकृत हो जायेंगे।

मेरी सरकार सतत् प्रयत्नशील रही है कि प्रदेश में रोगों की रोकथाम के साथ-साथ उनके निदान एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की जाय। ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश की निर्धन जनता को 24 घण्टे विशेषज्ञ सुविधाओं के साथ एक्सरे, पैथोलार्जी, शल्यक्रिया एवं बाल रोगों की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों में गर्भवती स्त्री, नवजात शिशु, बालक, वृद्ध और रोगी समुचित उपचार पा सकें। प्रदेश के 17 मण्डलों के 18 जनपदों में क्षेत्रीय डायग्नोस्टिक केन्द्रों की स्थापना की जा रही है तथा हृदय, नेत्र और हड्डी रोगों के उच्च स्तरीय उपचार हेतु तीन चिकित्सालयों को 'सेन्टर आफ ऐक्सीलैंस' का दर्जा दिया गया है। बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से प्रदेश में हेल्थ डेवलपमेन्ट परियोजना भी चलायी जा रही है।

किंग जार्ज मेडिकल कालेज, लखनऊ को उच्चीकृत करके किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की जा चुकी है। बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु इस विश्वविद्यालय में शताब्दी अस्पताल का निर्माण प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय के दंत संकाय को उच्चीकृत करके किंग जार्ज दंत विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की जा चुकी है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के सेटेलाइट संस्थान के रूप में इटावा जनपद के सैफई में एक अतिविशिष्टताओं युक्त अस्पताल की स्थापना की जा रही है। आयुर्वेदिक, यूनानी तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों को भी प्रोत्साहित किया जायेगा।

मेरी सरकार पोलियो के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए कटिबद्ध है। राज्य सरकार के प्रयास से अल्पसंख्यक वर्ग के बीच भी बड़ी संख्या में टीकाकरण प्रारम्भ हो गया है। इसके साथ ही परिवार

कल्याण और विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने हेतु सरकार द्वारा योजनाएं चलायी जा रही है।

प्रदेश के विकास में सड़कों और पुलों के रख-रखाव तथा उनके उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं नव निर्माण के महत्व को स्वीकार करते हुए मेरी सरकार इस क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर काम कर रही है। विश्व बैंक की सहायता से राज्य मार्गों के चौड़ीकरण व वृहद् रख-रखाव के लिए 2,952 करोड़ रुपये की योजना आरम्भ की गयी है। सेतु निगम के माध्यम से नये सेतुओं का निर्माण कराया जा रहा है। समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत नये सम्पर्क मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता की सड़कों तथा सेतुओं का निर्माण 'नाबार्ड' की सहायता से भी किया जाना प्रस्तावित है।

नगरों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने, उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था करने, नदियों को स्वच्छ कर जीवनदायी बनाने हेतु मेरी सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनायें प्रारम्भ की गयी हैं। नगरीय निकाय और नगर निगम अधिनियम में प्रभावी व्यवस्था करने हेतु उपयुक्त संशोधन किये गये हैं तथा निजी रिक्शा चालकों पर आरोपित किया गया लाइसेन्स शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

नगरों के विकास के लिये नीतियां निर्धारित करते हुए विभिन्न आय वर्ग के लोगों को उनकी क्षमता के अनुसार आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य की पूर्ति के लिये 'सबके लिये आवास' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिये निजी पूंजीनिवेश को भी प्रोत्साहित किया गया है। प्रदेश के महानगरों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 'हाईटेक टाउनशिप' के विकास की नीति घोषित की गयी है, जिसके फलस्वरूप देश की 09 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा हाईटेक टाउनशिप विकसित करने के 16 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आगामी 05 वर्षों में इस क्षेत्र में लगभग 15,000 करोड़ रुपये की निजी पूंजी का निवेश होने की सम्भावना है, जो रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया कीर्तिमान होगा। इससे लगभग चार लाख लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

अल्पायु के बालकों से लेकर युवा खिलाड़ियों तक को खेलों में प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिएं तैयार करने का प्रयास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। मेरी सरकार खेलों के उत्थान हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है।

राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। हिन्दी भाषा में पूर्व प्रचलित पुरस्कारों के अतिरिक्त विख्यात समाजवादी चिन्तक स्व0 श्री मधु लिमये की स्मृति में एक नया पुरस्कार दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

स्वतंत्रता सेनानियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये मेरी सरकार संकल्पबद्ध है। विशिष्ट स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति को चिरस्थायी बनाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर 139 स्मारकों में प्रतिमाओं का निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है। अब तक 89 शहीद स्मारकों, स्तम्भों और प्रतिमाओं का निर्माण कार्य हो चुका है और शेष का कार्य प्रगति पर है।

माननीय सदस्यगण, मैंने अपनी सरकार की प्रमुख नीतियों एवं कतिपय महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण आपके सामने प्रस्तुत किया है। विधान मण्डल के सत्र में आपके सामने वित्तीय वर्ष

2005-2006 का आय-व्ययक ब्यौरा तथा चालू वित्तीय वर्ष के लिये अनुपूरक मांगें प्रस्तुत की जायेंगी और तत्सम्बन्धी विधेयक पारित करने की अपेक्षा की जायेगी।

मुझे विश्वास है कि प्रदेशवासियों, विशेषकर किसानों, विद्यार्थियों, नौजवानों, बच्चों, महिलाओं, संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, समाज के विभिन्न वर्गों के लिये जो महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, वे इस प्रदेश को भारत का सबसे ज्यादा व्यवस्थित और सम्पन्न राज्य बनाने की दिशा में मेरी सरकार द्वारा उठाये गये अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम हैं।]

जिन परिस्थितियों से देश और प्रदेश गुजर रहा है और जो समस्याओं एवं चुनौतियां आज हमारे सामने हैं, उनका समाधान ढूंढकर प्रदेश के सभी नागरिकों के कल्याण व उनके विकास को सर्वोपरि रखते हुए उत्तर प्रदेश को एक आदर्श और उत्तम प्रदेश बनाने के महत् कार्य में सहयोग के लिए मैं आप सभी का आह्वान करता हूं। जय हिन्द !

(व्यवधान)

एमिटी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश अध्यादेश, 2005 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एमिटी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश अध्यादेश, 2005 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-1 सन् 2005) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग अध्यादेश, 2005 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग अध्यादेश, 2005 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-2 सन् 2005) को सदन के पटल पर रखता हूं।

(बहुजन समाजवादी पार्टी के सदस्यों द्वारा सदन के फ्लोर पर खड़े होकर नारे लगाते रहने पर व्यवधान होता रहा)

उत्तर प्रदेश व्यापार-कर (संशोधन) अध्यादेश, 2005 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश व्यापार-कर (संशोधन) अध्यादेश, 2005 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-3 सन् 2005) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2005 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2005 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-4 सन् 2005) को सदन के पटल पर रखता हूं।

---

† छापा नहीं गया।

उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अध्यादेश, 2005 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अध्यादेश, 2005 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-5 सन् 2005) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (सत्रहवां संशोधन) नियमावली, 2005 †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (सत्रहवां संशोधन) नियमावली, 2005 को उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23(क) की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान (पांचवां संशोधन) नियमावली, 2004 ††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान (पांचवां संशोधन) नियमावली, 2004 को विलम्ब के कारणों सहित उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 की धारा 28/29 के उपबन्धों के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(बसपा के सदस्य सदन के फ्लोर पर खड़े होकर नारे लगाते रहे जिससे सदन में व्यवधान बना रहा।)

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :-

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2004 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2004 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 01 दिसम्बर, 2004 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2004 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 19 नवम्बर, 2004 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 01 दिसम्बर, 2004 को वापस प्राप्त हो गया।

---

† छापी नहीं गयी।

†† छापी नहीं गयी।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान, संस्थान, (संशोधन) विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमनु, मैं आपकी अनुमति से सूचित करता हूं कि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान, संस्थान, (संशोधन) विधेयक, 2004 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2004 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 01 दिसम्बर, 2004 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2004 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर, 2004 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 30 नवम्बर, 2004 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 03 दिसम्बर, 2004 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2004 का उत्तर प्रदेश का उनतीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमनु, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2004 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 नवम्बर, 2004 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 30 नवम्बर, 2004 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 03 दिसम्बर, 2004 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2004 का उत्तर प्रदेश का तीसवां अधिनियम बन गया।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान, संस्थान, (संशोधन) विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमनु, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान, संस्थान, (संशोधन) विधेयक, 2004 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर, 2004 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 30 नवम्बर, 2004 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 03 दिसम्बर, 2004 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2004 का उत्तर प्रदेश का इकतीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 2004

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमनु, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 2004 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 17 नवम्बर, 2004 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 18 नवम्बर, 2004 की बैठक में पारित किया था,

राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 23 दिसम्बर, 2004 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2004 का उत्तर प्रदेश का बत्तीसवां अधिनियम बन गया।

मद संख्या-12-13

श्री अध्यक्ष-

इसमें कुछ नहीं है।

मद संख्या-14

श्री अध्यक्ष-

इसमें कुछ नहीं है।

कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 10 फरवरी, 2005 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 11 फरवरी, 2005 से दिनांक 29 मार्च, 2005 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :--

फरवरी, 2005

---

11 शुक्रवार	**1-<u>11.00 बजे पूर्वाह्न</u>** राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण। **2-<u>12.30 बजे अपराह्न</u>** (1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना। (2) औपचारिक कार्य, यथा, अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों, आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हो।
12 शनिवार 13 रविवार	बैठक नहीं होगी।
14 सोमवार	निधन के निर्देश।
15 मंगलवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
16 बुधवार	1-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा। **2-<u>5.00 बजे अपराह्न</u>** वित्तीय वर्ष 2004-2005 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों का प्रस्तुतीकरण।

फरवरी, 2005

17 गुरुवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
18 शुक्रवार	वित्तीय वर्ष 2004-2005 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार एवं मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।
19 शनिवार 20 रविवार	बैठक नहीं होगी।
21 सोमवार	1-असरकारी दिवस (आधा दिन दिनांक 18 फरवरी, 2005 के स्थान पर) 2-विधायी कार्य (आधा दिन)
22 मंगलवार	बैठक नहीं होगी।
23 बुधवार	1-**11.00 बजे पूर्वाह्न** 1-वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय व्ययक का प्रस्तुतीकरण। 2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (अन्तिम दिन) ।
24 गुरुवार	बैठक नहीं होगी।
25 शुक्रवार	1-असरकारी दिवस (आधा दिन) 2-विधायी कार्य (आधा दिन)
26 शनिवार 27 रविवार	बैठक नहीं होगी।
28 सोमवार	वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

मार्च, 2005

1 मंगलवार 2 बुधवार 3 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।
4 शुक्रवार	वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
5 शनिवार 6 रविवार 7 सोमवार	बैठक नहीं होगी।

मार्च, 2005

(घोर व्यवधान के मध्य)

8 मंगलवार	बैठक नहीं होगी। (महाशिवरात्रि का अवकाश)
9 बुधवार 10 गुरुवार 11 शुक्रवार	वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
12 शनिवार 13 रविवार	बैठक नहीं होगी।
14 सोमवार 15 मंगलवार 16 बुधवार 17 गुरुवार	वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।
18 शुक्रवार	1- वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान। **2-3.00 बजे अपरान्ह** उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक 2005 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।
19 शनिवार 20 रविवार	बैठक नहीं होगी।
21 सोमवार	असरकारी दिवस (दिनांक 4 एवं 11 मार्च, 2005 के स्थान पर)
22 मंगलवार	1-असरकारी दिवस (आधा दिन दिनांक 18 मार्च, 2005 के स्थान पर) 2-विधायी कार्य (आधा दिन)
23 बुधवार 24 गुरुवार	विधायी कार्य।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

मार्च, 2005

(ब0स0पा0 के मा0 सदस्यगण सदन के फ्लोर पर नारे लगा रहे थे)

25 शुक्रवार
26 शनिवार } बैठक नहीं होगी। (होली का अवकाश)
27 रविवार

28 सोमवार
29 मंगलवार } विधायी कार्य।

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मैं प्रस्ताव करता हूं कि "यह सदन कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है, सहमत है।"

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जो माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अब हम उठते हैं, सोमवार, दिनांक 14 फरवरी, 2005 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में पुनः बैठेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 40 मिनट पर सोमवार, दिनांक 14 फरवरी, 2005 को दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 11 फरवरी, 2005

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

पी0एस0यू0पी0-एल0 11 विधान सभा (32)-575-2005-813 (कम्प्यूटर)।